संख्या-05/2026/2784/41-2-2025-CN-1841336

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-2 **लखनऊ, दिनांक 07 जनवरी, 2026**

विषयः-जनपद प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-4596/6-1-1(18)/2024-25, दिनांक 22.12.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जनपद प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को आवश्यकता के अनुरूप कार्यस्थल उपलब्ध न होने के कारण परियोजना को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-229/2024/आई/725329/001-41-2002-001-114-2024-सीएन-1841336 दिनांक 23.08.2024 द्वारा जनपद प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास की परियोजना को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया तदनुसार शासनादेश संख्या-229/2024/आई/725329/001-41-2002-001-114-2024-सीएन-1841336 दिनांक 23.08.2024 द्वारा अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 50.00 लाख (रू0 पचास लाख मात्र) को ब्याज सहित राजकोष में जमा कराते हुए उक्त की सूचना शासन को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- जिलाधिकारी, प्रयागराज।
5- प्रभारी, एन0आई0सी0 सेल, मुख्यमंत्री कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सी0एम0आई0एस0 पोर्टल (सी0एम0आई0एस0 संख्या-202500002600025) पर दर्ज प्रश्नगत परियोजना को पोर्टल से हटाने (डिलीट) के सम्बन्ध में अग्रतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट करपोरेशन लि0 (यू0पी0पी0सी0एल0), लखनऊ।
8- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
9- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी (रा0यो0), पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
10- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
11- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
12- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है । J

http://shasanadesh.up.gov.in